## दिनदहाड़े और देर रात गोलीबारी की दो घटनाएं

# बाबूपुर में कारतूस मिलने से सनसनी; अमरपाटन में जमीनी विवाद में लाइसेंसी बंदूक से हवाई फायर

गोलीबारी(फायरिंग) और उससे संबंधित दो अलग-अलग घटनाओं ने क्षेत्र में हड़कंप मचा दिया है। एक घटना अमरपाटन थाना क्षेत्र के अंतर्गत हुई,वहीं दूसरी बाबूपुर चौकी क्षेत्र के बिरहुली गांव में सामने आई। दोनों ही मामलों में पुलिस जांच में जुटी हुई है।





सतना। जानकारी के मुताबिक अमरपाटन में जमीनी विवाद में लाइसेंसी बंदूक से हवाई फायर किया गया है। क्षेत्र के ग्राम खरमसेड़ा में देर रात जमीनी विवाद ने उग्र रूप ले लिया। आपसी विवाद और जमकर गाली गलौच के बाद,एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर अपनी लाइसेंसी बंदूक से हवाई फायर कर दिया। घटना के बाद दोनों पक्षों ने थाने में एक-दूसरे के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। अमरपाटन पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच शुरू कर दी है और लाइसेंसी बंदूक के दुरुपयोग पर आवश्यक कार्रवाई की तैयारी कर रही है। उधर,बाबूपुर चौकी अंतर्गत कार के अंदर मिली गोली (कारतूस) से सनसनी फ़ैल गई है। जिले के बाबूपुर चौकी अंतर्गत बिरहुली गांव में दिनदहाड़े एक कार में गोली चलने की संदिग्ध घटना सामने आई है। यह घटना बीते दिन 5 दिसंबर सुबह करीब 11 बजे की बताई जा रही है। कार मालिक को पहले लगा कि किसी ने पत्थर मारकर कार के शीशे को तोड़ा है। हालांकि,जब उन्होंने कार का गेट खोलकर देखा,तो उन्हें कार के अंदर एक कारतूस मिली,जिससे यह स्पष्ट हुआ कि यह कांच टूटने की नहीं,बल्कि गोली चलने की घटना हो सकती है। पीड़ित कार मालिक ने तत्काल बाबूपुर चौकी में घटना की शिकायत दर्ज करा दी है।पुलिस इस मामले की भी गहनता से जांच कर रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि गोली किसने और क्यों चलाई। पुलिस का कहना है कि दोनों ही मामलों की जांच प्राथमिकता से की जा रही है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### नगर परिषद ने की चलानी कार्यवाही

**आरोन।** शनिवार को नगर परिषद सीएमओ हरिप्रसाद जाटव ने अपने दल बल के साथ नगर के मेन बाजार में भ्रमण कर दुकानों पर मास्क ना लगाने तथा पॉलीथिन का उपयोग करने पर की चलानी कार्यवाही की। ज्ञात रहे कि कोरोना महामारी अपने तीसरा रूप ना दिखाए इसके लिए अभी से तरह तरह के प्रयास किये जा रहे है तथा कलेक्टर गुना के निर्देश अनुसार नगर को पॉलीथिन मुक्त बनाने के प्रयास स्वरूप नगर परिषद सीएमओ ने दुकानो पर पहुच कर जांच की, जिसमे जिन दुकानों पर दुकान दार मास्क लगा कर नही बैठे थे उन पर चलानी कार्यवाही की वही नगर के गायत्री मंदिर के पास मीट का विक्रय करने बाले दुकानदारों की दुकानों को सील करने की कार्यवाही की है। इस दौरान नायब तहसीलदार सन्तोष धाकड़ साथ रहे।

### पेप्टेक ग्रुप के श्री साईं लोटस सिटी प्रोजेक्ट की ग्राहकों ने की सराहना




**सतना।** श्री साईं लोटस सिटी के पेप्टेक मॉल में चार्टर्ड अकाउंटेंट एसोसिएशन और इंडियन बैंक की कस्टमर मीट-2025 में ग्राहकों ने पेप्टेक ग्रुप के श्री साईं लोटस सिटी प्रोजेक्ट को खूब सराहा। सीए एसोसिएशन अध्यक्ष विराम जैन ने इसे विंध्य का आधुनिक सुविधाओं से लैस पहला प्रोजेक्ट बताया, जो 2, 3 और 4 बीएचके के तैयार विला उपलब्ध कराता है,जिससे तुरंत शिफ्टिंग संभव है।

### मैहर में धान खरीदी केंद्र का हाल बेहाल, दर्जनों उपार्जन केंद्रों पर अब तक नहीं हुई बोहनी

**मैहर।** मैहर जिले में करीब 30 केन्द्र वेयरहाउस के परिसर में स्थापित किए हैं,जबकि कई केन्द्र कृषि उपज मंडियों में भी बनाए गए हैं वहीं करीब 18 ऐसे खरीदी केन्द्र हैं जहां का स्थान उपार्जन कार्य के लिए उपयुक्त नहीं है ऊबड़-खाबड़ सतह और किसानों के रुकने और अलाव की व्यवस्था न होने के चलते किसान उन्हीं केन्द्रों का रुख कर रहे हैं,जहां पर औसत स्तर पर सुविधाएं हों स्थान की परेशानी के संबंध में अधिकारियों को जानकारी है फिर भी मनमानी तरीके से समिति स्तरीय केन्द्रों को खोलने की अनुमति दी गई है। किसानों के द्वारा बताया जा रहा है कि कई सोसाइटियों को दो-दो केंद्र देकर परेशानी का ग्राफ अधिकारियों ने ही बढ़ा रखा है। किसानों ने बताया है कि धान खरीदी केन्द्रों में आने वाले किसानों को किसी भी प्रकार की राहत नहीं दिए जाने से किसानों में असंतोष व्याप्त है। जिला कलेक्टर का ध्यान आकृष्ट कराते हुए धान खरीदी केन्द्रों में वाहनों के रुकने एवं नंबर बाई नंबर तौल कराने के साथ अन्य सुविधाएं दिए जाने की मांग की है।

### सिमरन एवं कीर्तन समागम आयोजित

**सतना।** नानक दरबार साहिब,सिटी कोतवाली के पीछे स्थित नानक दरबार में आयोजित दो दिवसीय नाम सिमरन एवं कीर्तन समागम श्रद्धा और भक्ति के वातावरण में सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। गुरुद्वारा साहिब ब्रह्म-बुंगा डोडरा,पंजाब द्वारा आयोजित इस आध्यात्मिक कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उपस्थिति दर्ज की। समागम के दौरान गुरबाणी कीर्तन,नाम सिमरन और आध्यात्मिक विचारों ने संगत को गुरु की शिक्षाओं से जोड़े रखा।सिमरन एवं शब्द-कीर्तन के पश्चात अरदास की गई,जिसके बाद गुरु का अटूट लंगर सेवा रूप में परोसा गया। पूरे कार्यक्रम में भक्ति,अनुशासन और सेवा की भावना देखने को मिली।कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों से आए श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में भाग लेकर गुरु परंपरा के प्रति अपनी आस्था व्यक्त की।

## बाबा साहब भारतीय संविधान के निर्माता थे: अरुण तनय

### कांग्रेस सेवा दल ने अंबेडकर की पुण्यतिथि का किया आयोजन



**मैहर।** अखिल भारतीय कांग्रेस सेवा दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालजी भाई देसाई मध्य प्रदेश कांग्रेस सेवा दल अध्यक्ष अवनीश भार्गव के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस सेवा दल अध्यक्ष अरुण तनय मिश्र के कुशल मार्गदर्शन में बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर जी की पुण्यतिथि का आयोजन स्थानीय कार्यालय मैहर में किया गया। अपने उद्बोधन में जिला अध्यक्ष अरुण तनय मिश्र ने कहा कि बाबा साहब भारत के एक महान समाज सुधारक, विधिवेत्ता, अर्थशास्त्री और भारतीय संविधान के निर्माता थे जिनका जन्म 14 अप्रैल 1891 को मध्य प्रदेश के महू में हुआ था उन्होंने समाज के अंतिम छोर में बैठे हुए व्यक्तियों के अधिकारों के लिए संघर्ष किया उन्होंने कई पुस्तकें भी लिखी संविधान सभा की प्रारूप समिति के अध्यक्ष के रूप में भारत के संविधान के निर्माण में उन्होंने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जिसे समानता और न्याय के प्रतीक के रूप में जाना जाता है वे देश के पहले कानून मंत्री भी थे। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष ऋषिकेश पांडे ने कहा कि डॉक्टर अंबेडकर के लिए यहां तक सफर आसान नहीं था। नगर अध्यक्ष मुकेश सेन ने कहा की आजादी के बाद 1947 में उन्हें देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के पहले मंत्रिमंडल में कानून एवं न्याय मंत्री के रूप में नियुक्त किया गया। इस अवसर पर ऋषिकेश पांडे, मुकेश सेन,सुषमा अरजरिया, पुष्पराज सिंह, सुनील कोरी, महेंद्र रजक, उमाशंकर तिवारी, अभिषेक सेन,राजेंद्र शर्मा, अश्विनी द्विवेदी, परशुराम उरमलिया, अंबुज, तनय कोदूलाल, रविनंदन प्रजापति, मुमताज मोहम्मद,विनोद विश्वकर्मा, रामू लाल विश्वकर्मा, लकी, मोहम्मद जहीर, मोहम्मद हरबंस तिवारी, विनोद विश्वकर्मा, कांचू लाल, अरुण कुशवाहा, रतन सेन, जहीर मोहम्मद आदि लोग उपस्थित रहे।

### धर्मेश धई के नेतृत्व में श्रद्धांजलि सभा आयोजित

रविदास आश्रम मैहर में भारत रत्न बाबा साहेब डॉ.भीमराव अंबेडकर जी की पुण्यतिथि पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष धर्मेश धई के नेतृत्व में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित जनों ने बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पणकर उनके योगदान को याद किया और सामाजिक समरसता तथा समानता के संकल्प को दोहराया। श्रद्धांजलि सभा में विशेष रूप से चूड़ामणि बाडोलिया, राज बाबू सिंह,रजनीश शर्मा, चंद्रभान सिंह,रमेश प्रजापति, अखंड प्रताप सिंह,शोभन सिंह गुड्डू भैया, बैज नाथ कुशवाहा, महेंद्र रोटियां, दीपक चौधरी,गणेश चतुर्वेदी, रंजन साकेत, सोमनाथ साकेत, सुनील कोरी, सनत गौतम, सुरेश चौधरी, रज्जब चौधरी, शंकर साकेत, सुंदरलाल चौधरी, रामावतार साकेत, आकाश चौधरी, गुलाब सिह, रामदेव सिह, इरफान शाह आदि प्रबुद्धजन लोग उपस्थित रहे।

## न्यूनतम तापमान 7.6 डिग्री सेल्सियस, शाम ढलते ही सूने हो जाते हैं बाजार

# ठिठुरन बढ़ी: पारा लुढ़का, अलाव बना सहारा

**सतना।** जिले में मौसम का मिजाज तेजी से बदल रहा है,और ठंड का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है। पिछले दो दिनों से तापमान में हो रही गिरावट ने आम जनजीवन को प्रभावित कर दिया है,जिससे लोग अब ठंड से बचने के लिए हर संभव उपाय अपना रहे हैं। शुक्रवार के मुकाबले शनिवार को न्यूनतम तापमान और नीचे चला गया,जिसके कारण गलन और ठिठुरन में काफी वृद्धि हुई है। मौसम विभाग के सूत्रों के अनुसार,शनिवार को न्यूनतम तापमान 7.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। यह गिरावट उल्लेखनीय है,क्योंकि शुक्रवार को यह 8.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। यानी एक ही दिन में पारे में एक डिग्री की कमी आई है। ठंड बढ़ने का असर बाजारों और सड़कों पर भी साफ दिख रहा है। शाम ढलते ही चहल-पहल कम हो जाती है और मुख्य बाजार भी समय से पहले ही सूने होने लगे हैं। मजबूरीवश बाहर निकलने वाले लोग गर्म कपड़ों में लिपटे नजर आ रहे हैं।

### अलाव बना सहारा

ठंड से बचाव के लिए लोग जगह-जगह अलाव जला रहे हैं। लकड़ी का समुचित इंतजाम नहीं होने के कारण कई जगहों पर लोगों को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में,लोग लकड़ी के अभाव में कागज और अन्य कचरे के ढेर में आग लगाकर खुद को गर्म करते हुए देखे जा रहे हैं। यह स्थिति दर्शाती है कि बढ़ती ठंड ने लोगों की परेशानी कितनी बढ़ा दी है।



### पिछले 6 दिनों पर एक नजर

1 दिसंबर को अधिकतम तापमान 27.5 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 11.5 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया,इसी प्रकार 2 तारीख को अधिकतम तापमान 26.9 और न्यूनतम तापमान 11.7 डिग्री सेल्सियस,3 दिसंबर को अधिकतम तापमान 27.0 न्यूनतम तापमान 11.8 डिग्री सेल्सियस,4 दिसंबर को अधिकतम तापमान 25.3और न्यूनतम तापमान 12.8 डिग्री डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। 5 तारीख को अधिकतम तापमान 25.7 और न्यूनतम तापमान 8.6 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया,जबकि 6दिसंबर को अधिकतम तापमान 26.3 और न्यूनतम तापमान 7.6 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया है। इन आंकड़ों से स्पष्ट है कि 4 दिसंबर के बाद न्यूनतम तापमान में तेज गिरावट दर्ज की गई है। 5 दिसंबर को पारा 10 डिग्री से नीचे आकर 8.6C पर पहुंचा,और 6 दिसंबर को यह और लुढ़ककर 7.5C पर आ गया। जबकि अधिकतम तापमान में उतार-चढ़ाव बना हुआ है, न्यूनतम तापमान की लगातार कमी ने क्षेत्र में शीत लहर जैसी स्थिति पैदा कर दी है। प्रशासन को इस बढ़ती ठंड के मद्देनजर सार्वजनिक स्थानों पर अलाव की व्यवस्था सुनिश्चित करने और बेघर व जरूरतमंद लोगों के लिए रैन बसेरों में उचित इंतजाम करने की आवश्यकता है।

## एकलव्य स्कूल के निकट भूमि को निजी हितों के लिए बदलने की साजिश का खुलासा

# भूमाफियाओं की नजर से नहीं बच पा रही मैहर की शासकीय भूमि

### आराजी नंबर 72 को बचाने की पहल तेज

**मैहर।** एकलव्य स्कूल के निकट स्थित अत्यंत मूल्यवान शासकीय भूभाग आराजी नंबर 72 को लेकर गंभीर अनियमितताओं और अदला-बदली के माध्यम से भूमि हड़पने की कोशिशों का मामला उजागर हुआ है। इस पवित्र क्षेत्र की सरकारी भूमि को निजी रकबे में समाहित करने के प्रयासों से स्थानीय जनसमाज में गहरी चिता व्याप्त है।

### अदला-बदली की प्रक्रिया में संदेहास्पद गतिविधियां उजागर

आरोप लगाए जा रहे है कि पुराने पटवारी नक्से से महत्वपूर्ण तथ्य सामने आया है कि बड़े रकबे वाले क्षेत्रों में आराजी नंबरों की योजनाबद्ध अदला-बदली की गई है। जानकारी के अनुसार,उस शासकीय रकबा 72,जिसे राजस्व अभिलेखों में स्पष्ट रूप से सरकारी भूमि के रूप में अंकित किया गया है, आराजी नंबर 72,जो 73,74,76 और 77 नंबर की आराजियों के बीच स्थित है,उसे योजनाबद्ध तरीके से लुप्त (गायब) दिखाने और निजी रकबे में विलीन करने की कोशिश की जा रही है। उसे परिवर्तित कर निजी हिस्से के रूप में प्रदर्शित करने का प्रयास किया गया। भू स्वामी ने अपने नम्बर की पूरी भूमि का रकबा विक्रय कर मार्ग की भूमि को भी बिक्रय कर दिया है। फिर भी 72 नम्बर की भूमि को भू माफियाओं द्वारा बिक्री करने की योजना बना रहे हैं। भूमि के सीमांकन और नंबर परिवर्तन की यह प्रक्रिया न केवल नियमविरुद्ध है बल्कि इस क्षेत्र की भावनात्मक और धार्मिक महत्ता को देखते हुए अत्यंत संवेदनशील भी है।



### कई पूर्व अधिकारियों और पटवारियों की भूमिका पर सवाल

प्राप्त जानकारी में बताया जा रहा है कि अलग-अलग समय पर पदस्थ रहे कुछ अधिकारियों एवं पटवारियों ने प्रकरण की गंभीरता के अनुरूप सुनवाई नहीं की और रिकॉर्ड सत्यापन में ढिलाई बरती तथा अंतिम आदेश को लंबे समय तक लंबित रखा जो प्रथम दृष्टया भूमाफियाओं को प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से लाभान्वित करने वाला रहा है। निश्चित है कि निर्णयों में विलंब और विरोधाभासी प्रविष्टियों ने पूरे मामले को और अधिक संदिग्ध बना दिया है। शारदा मंदिर क्षेत्र के निकट इस भूमि पर विकास को प्रभावित करेगा। आराजी नंबर 72 सिर्फ एक भूमि टुकड़ा नहीं,बल्कि मां शारदा मंदिर परिक्षेत्र के भविष्य से जुड़ा अत्यंत महत्वपूर्ण भूभाग है। बताया जा रहा है कि इस क्षेत्र में आगामी वर्षों में यात्री सुविधा केंद्र या संख्या से आधिक वाहन आने पर आपतकालीन पार्किंग व्यवस्था,पेयजल व सुरक्षा संसाधन,तथा व्यापक पर्यटन विकास जैसी योजनाएँ प्रस्तावित की जानी चाहिए। यदि यह भूमि अवैध कब्जे या गलत अदला-बदली की भेंट चढ़ती है,तो श्रद्धालुओं की सुविधाएं प्रभावित होंगी और क्षेत्रीय विकास बाधित हो जाएगा।

### स्थानीय नागरिकों में आक्रोश प्रशासन से कठोर कार्रवाई की अपील

पूरे मामले के सामने आने के बाद स्थानीय नागरिकों सामाजिक संगठनों और मंदिर क्षेत्र के सेवा भावियों ने इसे आघात बताते हुए कड़ी आपत्ति जताई है। स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि शासकीय भूमि का सीमांकन पुनः कराया जाए राजस्व अभिलेखों का सत्यापन उच्चस्तरीय समिति से हो पूर्व में अदला-बदली से जुड़े हर अधिकारी की भूमिका की जांच हो,तथा आराजी 72 को किसी भी प्रकार के निजी स्वार्थ से सुरक्षित रखा जाए।

### सरकारी भूमि बचेगी तो ही मंदिर क्षेत्र का भविष्य सुरक्षित रहेगा

नागरिकों का कहना है कि मां शारदा के परिक्षेत्र की पवित्रता को बनाए रखना सिर्फ प्रशासन ही नहीं, बल्कि पूरे समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। भूमि की अवैध अदला-बदली न केवल कानून का उल्लंघन है बल्कि श्रद्धालुओं के हितों मे उपयोगी भूमि के साथ खिलवाड़ भी है।

**आम सूचना**

मेरे पक्षकार आनन्द जोतवानी पिता श्री साधूराम जोतवानी उम्र 45 साल पेशा व्यवसाय निवासी लालता चौक सतना, तहसील रघुराजनगर जिला सतना म.प्र. मेरे कार्यालय मे उपस्थित आकर अपने समस्त दस्तावेजो को दिखाते हुए एवं अन्य तथ्य को मौखिक रूप से अवगत कराते हुए मुझे अधिकृत कर आप रवि कुमार मूलचन्दानी पिता इन्द्रपाला मूलचन्दानी उम्र 47 साल प्रो. काका मोटर डेकोर सवेरा होटल के पास रीवा रोड सतना थाना कोलगवां जिला सतना म.प्र. को दिनांक 25.11. 2025 को इस बात की रजि. नोटिस भेजवाया था कि मेरे पक्षकार ने आपके निवेदनपर 6,00,000/-रू. (छः लाख रुपए) आपने मेरे पक्षकार से लिया था, जिसके एवज मे आपने मेरे पक्षकार को अपने बैंक खाते बंधन बैंक सतना का चेक क्र.-000047 राशि 6,00,000/-रू. का चेक मेरे पक्षकार को दिया था और आपका चेक बैंक द्वारा बाउंस कर दिया गया है तथा नोटिस के माध्यम से नोटिस जारी दिनांक 25.11.2025 को किया था लेकिन आप जानबूझकर नोटिस लेने से इंकार कर दिये तथा अपना रहायसी पता बार-बार बदल रहे है, मेरे पक्षकार से सम्पर्क नही कर रहे है न ही आपके द्वारा ली गई राशि 6,00,000/- रू. अदा कर रहे हैं इस कारण से आपको इस समाचार पत्र के माध्यम से सूचित किया जा रहा है कि आप सूचित होकर मेरे पक्षकार से सम्पर्क कर सम्पूर्ण राशि 6,00,000/- रू. अदा कर रसीद प्राप्त करे, अन्यथा गुजरने म्याद आपके विरूद्ध सक्षम न्यायालय मे विधि अनुसार कार्यवाही की जायेगी जिसकी समस्त जिम्मेदारी आपकी होगी।

दि. 05.12.2025

भवदीय
दयानन्द श्रीवास्तव एडवोकेट
जिला न्यायालय परिसर, सिविल लाइन सतना म.प्र.
कार्यालय/निवास मेन रोड प्रेमविहार कालोनी
मो.नं. 6264891264, 9425885596

## बिना मुआवजा दिए हाईटेंशन लाइन की तार खींचने का विरोध, 10 घंटे बिजली उपलब्ध कराने की मांग

### टाउन हाल में सम्पन्न हुई किसानों की बैठक

**सतना।** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) की मासिक बैठक जिला अध्यक्ष ठाकुर प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में टाउन हॉल सतना में सम्पन्न हुई। इस दौरान विशिष्ट अथिति प्रदेश प्रवक्ता दयाशंकर द्विवेदी,मझगमा अध्यक्ष लाल बिहारी पाठक, दल प्रताप सिंह,अध्यक्ष प्रतिनिधि रावेन्द्र सिंह,सुमन सेन,पंकज पांडेय रहे। इस दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों से शामिल किसानों ने अपने-अपने क्षेत्र की समस्याओं को बताया। चर्चा में बताया कि रामपुर और कोटर क्षेत्र से बिना मुआवजा दिए पावरग्रिड कम्पनी द्वारा लाइन खींचने का कार्य चालू है। इसके अलावा लगभग सभी क्षेत्रों में बिजली की कटौती की समस्या प्रमुख रही किसानों ने कहा की कम से कम 10 घंटे बिजली उपलब्ध कराई जाए। जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद सिंह ने उचेहरा उप कृषि उपज मंडी में अनाज और थोक सब्जी मंडी को संयुक्त कर स्वतंत्र मंडी घोषित करने के लिए सतना सांसद गणेश सिंह नागौद विधायक नागेन्द्र सिंह से सहयोग के लिए आग्रह करने की बात कहीं। जिलाध्यक्ष श्री सिंह ने कहा कि पावरग्रिड कम्पनी किसानों को मुआवजा दे अन्यथा काम रोक दिया जाएगा साथ ही क्षेत्रों में बनें हुए गरीबों के घरों के पट्टे एवं आवास बनाए जाने,के अलावा धान का सही उपार्जन तथा निगरानी समिति उचित मापदण्ड के आधार पर उपार्जन,पंजीयन सत्यापन नहीं होने से स्लॉट बुकिंग में परेशानियां होने एवं आवारा जानवरों की व्याप्त समस्या पर वैकल्पिक व्यवस्था कराए जाने की बाते की गई है। बैठक में राजकली सिंह,रामजी शुक्ला, सुनीता सिंह, रामाधार सिंगरौल, गीता चौधरी, गनपत यादव सहित अन्य किसान शामिल रहे।



**जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा**
**सूचना**
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

**खबर संक्षेप**

## गुनौर रोड की जर्जर हालत

**अमानगंज**-पन्ना जिले के अमानगंज थाना तेराहे के पास आज शुक्रवार शाम 4 बजे एक हादसा हुआ, जहाँ चलती मोटर बाइक से गिरने पर एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल महिला की पहचान अनीशा (30 वर्ष), निवासी पवई के रूप में हुई है। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से महिला को तुरंत अमानगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। प्राथमिक उपचार के दौरान हालत नाजुक होने पर डॉक्टरों ने उसे जिला चिकित्सालय पन्ना रेफर कर दिया। हम आपको बता दें कि कई वर्षों से अमानगंज गुनौर मुख्य सड़क की सड़क पूरी तरह से झज्जर पड़ी है जिससे यह हादसा नगर में आए दिन होते हैं।

## उपजेल पवई में एचआईवी/एड्स जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**पवई**। उपजेल पवई में शनिवार, दिनांक 06 दिसंबर 2025 को एचआईवी/एड्स के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने कैदियों को एचआईवी/एड्स के लक्षण, बचाव, उपचार तथा इससे जुड़े सामाजिक मिथकों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर स्वास्थ्य केंद्र से 'डॉ. अंकित पांडेय, आईसीटीसी से ''आनंद विजय सिंह, तथा टीबी विभाग से ''नवीन रॉय' और 'राम सजीवन' उपस्थित रहे। विशेषज्ञों ने कैदियों को समय पर जांच, सुरक्षित व्यवहार और उपचार की उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जागरूक किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में उपजेल पवई के सभी कर्मचारियों का सहयोग सराहनीय रहा। जेल प्रशासन ने कहा कि ऐसे जागरूकता कार्यक्रम आगे भी समय-समय पर आयोजित किए जाते रहेंगे, ताकि कैदियों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को प्राथमिकता दी जा सके। यह पहल स्वास्थ्य जागरूकता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुई।

## नजूल शाखा के प्रभारी तहसीलदार शाकंभरी प्रसाद द्विवेदी का दुखद निधन



**पन्ना** मध्य प्रदेश के पन्ना जिले में पदस्थ नजुल शाखा के प्रभारी तहसीलदार सकम्भरी प्रसाद द्विवेदी का आज सुबह 10:30 बजे (6 दिसंबर, 2025) हृदय घात से निधन हो गया है, वह 54 वर्ष के थे। जानकारी के अनुसार, श्री द्विवेदी पन्ना जिले में प्रभारी तहसीलदार के पद पर कार्यरत थे। शनिवार सुबह करीब 10:30 बजे उन्हें अचानक हृदय घात हुआ, जिससे उनका निधन हो गया। श्री द्विवेदी मूल रूप से मध्य प्रदेश के सतना जिले के निवासी थे। उनके निधन की दुखद खबर मिलते ही पन्ना जिला प्रशासन में शोक की लहर दौड़ गई। जिले के तीन एसडीएम (सब-डिविजनल मजिस्ट्रेट), आधा दर्जन से अधिक तहसीलदार, नायब तहसीलदार और बड़ी संख्या में पटवारी साथी तत्काल पन्ना जिला अस्पताल पहुंचे और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रशासनिक औपचारिकताएं पूरी करने के बाद, दिवंगत अधिकारी के पार्थिव शरीर को पन्ना से उनके गृह जिले सतना के लिए रवाना कर दिया गया है, जहां उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा।

## पूर्व सदर पटवारी एसडीएम कोर्ट में अटैच शासकीय घर नही कर रहा खाली

**अजयगढ़**। अजयगढ के राजस्व विभाग में पदस्त रहे पूर्व सदर पटवारी निखिल गौतम इस समय एसडीएम कोर्ट में अटैच है दो बार ट्रांसफर होने के बाद भी अजयगढ नही छोड़ा गया जिसको देखते हुए एसडीएम द्वारा पहले देवगांव का पटवारी बनाया गया फिर एसडीएम कोर्ट में अटैच कर दिया गया है उक्त पटवारी को पूर्व में मिला घर खाली होना था और नए सदर पटवारी दीपेंद्र तिवारी को मिलना था परंन्तु लगभग 4 माह से घर खाली न कर कब्जा किये है जिससे नए सदर पटवारी को घर के लिए दरदर भटकना पड़ रहा है जिससे आम जनता को नए सदर पटवारी से मिलने के लिए परेशानी उठानी पड़ रही है जिसकी सूचना तहसीलदार व एसडीएम को है परंन्तु कोई समाधान न होने से सदर पटवारी स्थायी नही रह पा रहा है जिससे नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र से आने बाले किसान व जनता परेशान है अधिकारियों को जल्द ही इस समस्या का समधान निकालना होगा और नए सदर पटवारी को शासकीय घर खाली करवा कर दिलाना होगा जिससे सदर पटवारी को स्थायी घर मिलने से लोगो की समस्याओं का समाधान जल्द होने की उम्मीद जताई जा सकती है विभाग के पटवारी की लड़ाई में जनता क्यों पिसे कलेक्टर पन्ना को ध्यान देने की जरूरत है।

### छत्रसाल महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण

# एनएसएसस की मूल भावना, गतिविधियों और समन्वय पर प्रभारी ने दिया मार्गदर्शन

महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय छतरपुर के तहत पन्ना जिले के सभी राष्ट्रीय सेवा योजना युक्त महाविद्यालयों और विद्यालयों के कार्यक्रम अधिकारियों के लिए एकदिवसीय पुनश्चर्या प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस छत्रसाल शासकीय महाविद्यालय पन्ना में आयेजित किया गया।





**पन्ना।**

तीन सत्रों में संपन्न हुए इस प्रशिक्षण में एनएसएसस की मूल भावनाओं, गतिविधियों, दस्तावेजीकरण और समन्वय पर मार्गदर्शन दिया गया। प्राचार्य डॉ एस डी चतुर्वेदी ने कहा कि राष्ट्र निर्माण तभी संभव है जब युवाओं को मार्गदर्शन देने वाले अधिकारी प्रशिक्षित हो। जिला संगठक डॉ मनोज कुमार शुक्ल ने बताया कि उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार राष्ट्रीय सेवा योजना गतिविधियों को अधिक प्रभावी बनाने के लिए यह प्रशिक्षण आयोजित किया गया है। इस कार्यक्रम में जिले भर से 13 कार्यक्रम कार्यक्रम अधिकारी और 20 स्वयंसेवक प्रशिक्षित हुए। प्रथम सत्र में कार्यक्रम समन्वयक श्री अरुण चौरसिया ने माय भारत पोर्टल पर स्वयंसेवक पंजीयन, पुरस्कार प्रणाली, ए बी सी प्रमाणपत्र उपयोगिता, डिजिटल प्रोफाइलिंग, उपलब्ध इंटर्नशिप और अल्पकालिक कार्यक्रमों की जानकारी दी। द्वितीय सत्र में रूपेश विश्वकर्मा ने वित्तीय प्रबंधन, दस्तावेजीकरण और सावधानियों को समझाया। तृतीय सत्र में शिवम सुलेरे ने पीएफएमएस से आहरण एवं भुगतान पर प्रशिक्षण दिया। अंत में सभी अधिकारियों को सहभागिता प्रमाणपत्र, डायरी और एनएसएस बैच दिए गए। उपरोक्त कार्यक्रम का सफल संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ पीयूषा शर्मा ने किया।अंत में राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यकम अधिकारी डॉ डीपी कुशवाहा ने राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर, सामान्य गतिविधियों एवं विभिन्न प्रकार के शिविरों के बारे में जानकारी प्रदान की। साथ ही कार्यक्रम का आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी रोशनी गुप्ता, श्री अरविंद निषाद, डॉ नंद कुमार पटेल, डॉ दिनेश त्रिपाठी, डॉ नरेंद्र सिंह सहित जिले के सभी कार्यक्रम अधिकारी एवं महाविद्यालय के स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

# भीमराव अंबेडकर के परिनिर्वाण पर आदिवासी युवाओं द्वारा दी गई श्रृद्धांजलि




**पन्ना।**

भारतीय संविधान के निर्माता और शोषितों के मसीहा डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी का 6 दिसंबर 1956 को परिनिर्वाण (निधन) हुआ था, जिसे उनके अनुयायी 'काला दिवस' के रूप में मानते हैं। इसी संज्ञान में अजयगढ़ स्थित राजापुर वार्ड क्रमांक 08 में आदिवासी क्रांति सेना पन्ना, संगठन के तत्वाधान में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत 2 मिनट के मौन धारण करने के साथ हुई। उक्त कार्यक्रम का संचालन युवा नेतृत्वकर्ता पहाड़ सिंह के द्वारा किया गया जिसमें उन्होंने बाबा साहब की शिक्षाओं पर प्रकाश डालते हुए उनके बताए मार्ग का अनुशरण करते स्वयं आगे आकर समाज को आगे लाने की आवश्यकता पर जोर दिया। तो वहीं पुराना पन्ना से अजय कोंदर द्वारा कार्यक्रम में निर्देशन की भूमिका निभाई गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि स्थानीय पार्षद ओमप्रकाश कोंदर तथा विशिष्ट अतिथि रामकिशोर अहिरवार(सेवानिवृत प्राचार्य) रहे, जिसमें विशिष्ट अतिथि द्वारा बाबा साहब के जीवन की प्रेरणादाई घटनाओं का उल्लेख किया गया। संगठन के युवा कार्यकर्ता दीपेश कोंदर तथा देवेंद्र तथा अमित कोंदर के द्वारा बताया गया कि बाबा साहब जी ने अपना पूरा जीवन सामाजिक न्याय और स्वाभिमान के लिए समर्पित किया और इसी दिन वे इस दुनिया से विदा हुए। उन्होंने समाज के शोषित तथा अति पिछड़े वर्ग के उद्धार हेतु सदैव प्रयास किए हैं युवाओं को उनके मार्ग का अनुशरण करना चाहिए। इस दौरान आदिवासी क्रांति सेना संगठन से चंद्रपाल, अनिल, पहलवान, दीपक, गोलू कोंदर, महेंद्र,प्रदीप, धीरेन्द्र,अमित, उपेन्द्र, देवेंद्र, बली, रामगोपाल, हजारी, ओमप्रकाश पार्षद, पहाड़ सिंह, छोटे राजा आदिवासी, दिनेश, दीपेश, अरविंद, वीरेंद्र, करन, गोविंद, राज, हिमांचल, नरेश, हेमंत कुमार, राजेंद्र, रोशन, अजय तथा स्थानीय निवासियों की गरिमामई उपस्थिति रही।

# सांई रोटी कपड़ा बैंक की विनम्र पुकार - ठंड में गर्म कपड़े भी दें, हर उपयोगी सामग्री का स्वागत

### न नगद, न चंदा-केवल पारदर्शी सेवा; सामग्री बेचने के लालच से ऊपर उठकर जरूरतमंद तक पहुँचाएँ




**पन्ना।**

18 जुलाई 2015 से सतत मानव सेवा में रत संस्था 'सांई रोटी कपड़ा बैंक' के संयोजक विनोद गुप्ता ने नागरिकों से अपील की है कि ठंड के मौसम में गर्म कपड़ों सहित हर प्रकार की उपयोगी सामग्री-साड़ी, चद्दर, कंबल, जूते-चप्पल, बर्तन, खिलौने, फर्नीचर, चूड़ी-कंगन, चश्मा आदिकृदान कर जरूरतमंदों की सहायता करें। संस्था केवल वस्तु रूप में दान स्वीकार करती है; किसी भी प्रकार का नगद सहयोग नहीं लिया जाता। संस्था की विशेषता यह है कि आने वाली सभी सामग्री पूर्ण पारदर्शिता के साथ तुरंत बाहर रख दी जाती है, ताकि कोई भी जरूरतमंद व्यक्ति बिना संकोच अपने आकार और आवश्यकता के अनुसार वस्तुएँ लेकर जा सके। संस्था में अब कोई सामान अंदर जमा कर नहीं रखा जाता। विनोद गुप्ता ने लोगों से यह भी आग्रह किया कि सेवा केवल संस्था तक सामग्री पहुँचाने से सीमित नहीं है। कोई व्यक्ति चाहे देवेंद्रनगर में रहता हो या हजारों किलोमीटर दूरकृअपने घरों की उपयोग योग्य पर अनुपयोगी सामग्री को फेंकने, जलाने या 5.10 में बेचने के बजाय, किसी गरीब को दे दे, यही सबसे बड़ा पुण्य है। उन्होंने कहा कि कई बार लोग अच्छे कपड़े, चादरें, स्टील की चीजें या घरेलू वस्तुएँ बहुत कम दाम में बेच देते हैं, जबकि वही सामग्री किसी जरूरतमंद के जीवन में राहत बन सकती है। "बेचने के छोटे-छोटे लालच से ऊपर उठकर सामग्री गरीब तक पहुँचना ही सच्ची सेवा है।" संयोजक ने बताया कि संस्था से जुड़ने का सबसे सरल तरीका हैकृयहाँ से सामग्री उठाकर अपने क्षेत्र के जरूरतमंदों तक पहुँचा देना या किसी असहाय व्यक्ति को संस्था तक पहुँचा देना। यही सहयोग सांई रोटी कपड़ा बैंक की आत्मा है। पिछले 10 वर्षों से बिना सरकारी सहायता, बिना फंड, बिना चंदे केकृकेवल जनसहयोग और पारदर्शिता के बल पर संस्था प्रतिदिन सेवा कर रही है। संस्था ने नागरिकों से अपील की है कि वे ठंड के इस कठिन समय में आगे आएँ और मानवता की इस श्रृंखला को और मजबूत करें।

# जवाहर सहकारी विपणन समिति धान खरीदी केंद्र कृषि उपज मंडी देवेंद्रनगर में अब तक 25 किसानों से 1281.20 किलो खरीदी गई



**पन्ना।**

शासन के निर्देशानुसार खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन का प्रारंभ है। जिसमें जवाहर सहकारी विपणन समिति धान खरीदी केंद्र के शाखा प्रबंधक रामदुलारे पटेल ने जानकारी देते हुए बताया है कि अबतक 25 किसानो से 1281 कुंटल 20किलो धान खरीदी की जा चुकी है वही समिति प्रबंधक ने यह भी बताया कि जो किसान घर से साफ स्वच्छ करके धान मानक के अनुसार लाता है उनकी धन को तत्काल तौल दिया जाता है और जिन किसानों की धान साफ सुथरा नहीं होती है उनकी ग्रेडिंग करवाई जाती है। वही किसान मुन्ना प्रसाद कुशवाहा ने जानकारी देते हुए बताया कि मेरा स्लॉट आज का बुक था तो मैं आज सुबह अपनी धान को लेकर केंद्र में आया था मेरी धान साफ स्वच्छ नहीं थी जिसमें मुझे बोला गया की ग्रेडिंग करवाओ तो मैं तत्काल यहीं पर ग्रेडिंग करवाया और और मेरी धान आज ही तुलगई किसी भी प्रकार की कोई भी समस्या नहीं हुई है।

# शीतलहर की वजह से अमानगंज नगर में ठंड का प्रकोप बढ़ा, शीघ्र नगर में आरंभ हो अलाव

**अमानगंज**



मौसम में लगातार हो रहे परिवर्तन के बाद शीत लहर आरंभ होने से अमानगंज नगर सहित क्षेत्र में ठंड पूरी दम से अपने पाव पसार चुकी है जिसमें प्रातः काल ठंड का असर बहुत तेज होता है और यही असर शाम के समय भी देखने को मिलता है इस विषय को लेकर स्थानीय नागरिकों ने अपने-अपने जनप्रतिनिधियों से आग्रह किया है, कि नगर के सार्वजनिक स्थानों पर जैसे कि बस स्टैंड के दोनो यात्री प्रतीक्षालय, अस्पताल, नगर के कुछ सार्वजनिक मंदिर में अलाव के लिए लकड़ी की व्यवस्था गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी नगर निकाय करे, ताकि आम जनता और बाहरी यात्री तथा अस्पताल के मरीज इस ठंड से खुद का बचाव कर सकें। ज्ञात हो कि मध्य प्रदेश राज्य शासन इस व्यवस्था के लिए अलग से वित्तीय बजट प्रदेश में स्वीकृत किया करता है, जिससे आम जन मानस को भारी ठंड के प्रकोप से बचाया जा सके। अब जब तापमान मौसम का पारा 15 डिग्री तक आ पहुंचा है तो स्थानीय नगर निकाय अध्यक्ष और मुख्य नगर पालिका अधिकारी शीघ्र ही इस विषय पर देर ना करते हुए तत्काल अलाव की व्यवस्था नगर में आरंभ करें।

# अरुणोदय संस्थान - विकास की ओर बढ़ते कदम, गांव में प्राकृतिक खेती और टिकाऊ संसाधन प्रबंधन का नया अध्याय





पन्ना। अरुणोदय संस्थान ने अजयगढ़ के ग्रामीण क्षेत्र के किसानों के साथ प्राकृतिक खेती और संसाधन संरक्षण को सशक्त बनाने के उद्देश्य से पिछले महीनों में अनेक महत्त्वपूर्ण पहलें की हैं। इन पहलों का मुख्य उद्देश्य किसानों को आत्मनिर्भर बनाना, खेती की लागत को कम करना और पर्यावरण-अनुकूल तरीकों से उत्पादन क्षमता को बढ़ाना है। संस्थान द्वारा किए गए ये कार्य न केवल कृषि विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित हुए हैं, बल्कि स्थानीय समुदाय के लिए भी प्रेरणादायी मॉडल बनकर उभरे हैं। गांव में वर्षा जल संरक्षण की दीर्घकालिक समस्या को देखते हुए अरुणोदय संस्थान ने बंधन का तालाब विकसित किया। इस तालाब के निर्माण और संरक्षण से किसानों को सालभर सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध होने लगा है। इससे न सिर्फ फसलों की स्थिरता बढ़ी, बल्कि गर्मी के समय होने वाली जलदृकमी की समस्या भी काफी हद तक समाप्त हो गई। किसानों को प्राकृतिक खेती के वास्तविक परिणाम दिखाने के लिए दोहा डेमो प्लांट तैयार किया गया। यहां जैविक पद्धतियों से फसलों का उत्पादन करके किसानों और युवाओं को प्रत्यक्ष रूप से सफलता दिखाई गई। इस पहल से प्राकृतिक खेती के प्रति किसानों का भरोसा और उत्साह दोनों में महत्वपूर्ण वृद्धि देखने को मिली। किसानों को गुणवत्तापूर्ण बीज उपलब्ध कराने हेतु संस्थान ने सीड बैंक की स्थापना की। यहां स्थानीय बीजों को संग्रहित, पैक और लेबलिंग करके रखा गया है, ताकि किसान आसानी से अपनी ज़रूरत के अनुसार बीज प्राप्त कर सकें। यह व्यवस्था किसानों के लिए आर्थिक सहारा बनने के साथ-साथ पारंपरिक बीजों के संरक्षण में भी महत्वपूर्ण योगदान दे रही है। छोटे और सीमांत किसानों के लिए खेती आवश्यक उपकरणों की कमी एक बड़ी समस्या रहती है। इस समस्या को दूर करते हुए अरुणोदय संस्थान ने टूल बैंक की स्थापना की, जिसके माध्यम से किसान कम लागत में आवश्यक औजार उधार ले सकते हैं। इससे खेती के कार्य समय पर और बिना बाधा के पूरे होने लगे हैं।

### जीवामृत व प्राकृतिक केंद्र - रासायनिक रहित खेती की दिशा में महत्वपूर्ण कदम-

प्राकृतिक खेती की मूल आत्मा यानी जैविक घोल और परंपरागत उपचार विधियों को बढ़ावा देने के लिए संस्थान ने प्राकृतिक केंद्र स्थापित किया। यहां जीवामृत, घनजीवामृत, ब्रह्मास्त्र, नीमास्त्र आदि के उपयोग का प्रशिक्षण दिया जाता है। इन प्राकृतिक उपचारों के प्रयोग से मिट्टी की उर्वरक क्षमता बढ़ी, फसल की गुणवत्ता में सुधार आया और किसानों की रासायनिक दवाओं पर निर्भरता कम हुई। इन सभी विकासात्मक कार्यों की सफलता के पीछे हमारे टीम लीडर गर्जन सर और वृंदावन सर का सराहनीय मार्गदर्शन और अथक प्रयास रहा। फील्ड में उनके निरंतर सहयोग, प्रेरणा और विश्वास ने टीम को हर चुनौती का सामना करने की शक्ति दी। उनका नेतृत्व ही इस अभियान की सबसे बड़ी पूंजी सिद्ध हुआ है।

### श्रीमद्भागवत 18 महापुराण कथा की कलश यात्रा में शामिल हुए ध्रुव सिंह लोधी एवं धर्मपत्नी संध्या लोधी



**पन्ना**। रैपुरा क्षेत्र स्थित श्री हनुमान जी महाराज चमत्कार धाम चमरैया में आयोजित श्रीमद् भागवत 18 महापुराण कथा के पावन अवसर पर भव्य कलश यात्रा निकाली गई। इस कलश यात्रा में पन्ना जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि एवं राष्ट्रीय लोधी महासभा के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष, समाजसेवी धुरव सिंह लोधी (एडवोकेट) तथा उनकी धर्मपत्नी संध्या लोधी ने शामिल होकर धार्मिक कार्यक्रम का पुण्य लाभ प्राप्त किया। ध्रुव सिंह लोधी ने बताया कि ऐसे आध्यात्मिक आयोजनों में सम्मिलित होकर मन को शांति एवं ऊर्जा मिलती है। उन्होंने क्षेत्रवासियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जय श्री राधे कृष्णा आप सभी का आशीर्वाद व स्नेह सदैव बना रहे। आप सभी क्षेत्रवासियों का हृदय से धन्यवाद। कलश यात्रा में क्षेत्र के अनेक श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और पूरे वातावरण में भक्तिमय माहौल छा गया।

खबर संक्षेप

## कांग्रेस ने श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई डॉ. अंबेडकर की पुण्यतिथि



**बड़ामलहरा।** भारत के संविधान निर्माता, सामाजिक न्याय और समानता के प्रबल समर्थक डॉ. बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर की पुण्यतिथि पर आज ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बड़ामलहरा द्वारा श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बाबा साहब अम्बेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके विचारों और देश निर्माण में उनके अद्वितीय योगदान को नमन किया गया। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राजकुमार सिंह उर्फ टिंकू राजा, रामवतार यादव, संतोष प्रजापति, वृंदावन कुशवाहा, मुन्ना सेन, रामकृपाल साहू, फूल सिंह, गोपाल कुशवाहा, जानकी यादव, एवं हल लाल कुशवाहा सहित कांग्रेस कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि बाबा साहब ने सामाजिक समरसता, शिक्षा और समान अधिकारों की लड़ाई लड़ी और भारत को एक मजबूत लोकतांत्रिक संविधान प्रदान किया। उनके विचार आज भी समाज को दिशा देने वाले हैं। कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रहित और सामाजिक समानता के संकल्प के साथ श्रद्धांजलि सभा का समापन किया गया।

## मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान से 1.80 लाख रुपए की सहायता राशि स्वीकृत

**छतरपुर।** म.प्र. शासन सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय भोपाल द्वारा छतरपुर जिले के गंभीर बीमारी से पीड़ित 5 लोगों को बेहतर उपचार के लिए आर्थिक सहायता राशि मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान मद से कुल 1.80 लाख रुपए की स्वीकृत की गई है। हितग्राही कली बाई लोधी पति लक्ष्मण लोधी निवासी वार्ड नं. 7 ग्राम अमरवा धौरा को 30 हजार रुपए, बेबी अनुरागी पति धनीराम अनुरागी नि.वार्ड नं 15 मोहन गंज मोहल्ला बिजावर को 30 हजार रुपए, कुसुम अहिरवार पति गोकुल प्रसाद नि.रामबाग राजनगर को 40 हजार रुपए, बृजकिशोर द्विबे पिता प्यारेलाल सपोहा निवासी छतरपुर को 50 हजार रुपए, गोकुलप्रसाद अहिरवार पिता उमराव अहिरवार नि.रामबाग राजनगर जिला छतरपुर को 30 हजार रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

### दो गंभीर घायल जिला अस्पताल में भर्ती

# बेटी को घर लाने जा रहे प्रजापति परिवार के 5 लोगों की भीषण सड़क हादसे में मौत

**छतरपुर। शादी के बाद बेटी को घर लाने के लिए जा रहे प्रजापति परिवार का सागर-कानपुर नेशनल हाईवे पर शुक्रवार को भीषण सडक़ हादसा हो गया जिसमें 5 लोगों की मौत हो गई वहीं दो लोगों को जिला अस्पताल भेजा गया।**

शुक्रवार की शाम 7 बजे के करीब गुलगंज थाना क्षेत्र के बिलवार और चौपरिया सरकार गांव के पास एक तेज रफ्तार ट्रक ने सेंट्रो कार को जोरदार टक्कर मार दी जिसमें मौके पर 5 लोगों की मौत हो गई वहीं दो लोग गंभीर घायल हुए जिन्हें पुलिस के द्वारा छतरपुर जिला अस्पताल भेजा गया। वहीं जानकारी के अनुसार सतना का रहने वाला प्रजापति परिवार सागर की तरफ शाहगढ़ के दारपुर अपने परिवार की बच्ची की शादी के बाद उसे लेने जा रहे थे। इस हादसे में प्रजापति परिवार के महेन्द्र प्रजापति (30), लक्ष्मण प्रजापति (40), दीपक प्रजापति (24), सुरेन्द्र प्रजापति (26) एवं लालू प्रजापति (17) की मौके पर मौत हो गई। वहीं भूपेन्द्र प्रजापति (22), जीतेन्द्र प्रजापति (20) साल गंभीर घायल हुए जिन्हें मौके पर मौजूद पुलिस द्वारा जिला अस्पताल भेजा गया जहां उनका उपचार जारी है।



बिलवार और चौपरिया सरकार के पास हुए इस भीषण सडक़ हादसे में ट्रक ने कार में सामने से जोरदार टक्कर मारी जिसके बाद मौके पर मौजूद पुलिस और राहगीरों के द्वारा कार के गेट को तोडक़र शवों को बाहर निकाला गया।

### सागर आईजी हिमानी खन्ना रही मौजूद

छतरपुर से सागर लौट रही आईजी हिमानी खन्ना सडक़ हादसे को देखते हुए मौके पर रूकीं और घटना को देख तत्काल ही पुलिस टीम को फोन किया। मौके पर गुलगंज थाना प्रभारी गुरूदत्त शेषा पुलिस बल के साथ पहुंचे और शवों को गाड़ी से निकाला एवं गंभीर घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया।भीषण सडक़ हादसे में 5 लोगों की मौत हुई और भूपेन्द्र व जीतेन्द्र दो लोग गंभीर घायल हुए जिन्हें छतरपुर जिला अस्पताल भेजा गया। हादसे को देखते हुए जिला अस्पताल एडीएम मिलिन्द्र नागदेवे, एडीशनल एसपी आदित्य पटले, सिटी कोतवाली थाना प्रभारी अरविंद दांगी व पुलिस बल पहुंचा और घायलों को उपचार की व्यवस्था कराई गई।

### होमगार्ड कार्यालय में नपाध्यक्ष ने ली परेड की सलामी

# होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा स्थापना दिवस मनाया गया



**छतरपुर।** होमगार्ड कार्यालय छतरपुर में शनिवार को होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा स्थापना दिवस उत्साह और गरिमा के साथ मनाया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष ज्योति चौरसिया उपस्थित रहीं। होमगार्ड परिसर में आयोजित भव्य परेड मार्च में नपा अध्यक्ष श्रीमती चौरसिया ने सलामी ली। परेड का नेतृत्व प्लाटून कमांडर विनीत तिवारी ने किया। मार्चपास्ट में होमगार्ड के अलावा आपदा मित्र, सिविल डिफेंस तथा एसडीआरएफ के दल भी शामिल रहे। कार्यक्रम की शुरुआत परेड की सलामी एवं निरीक्षण के साथ हुई। इसके बाद होमगार्ड स्थापना दिवस के अवसर पर प्राप्त शुभकामना संदेशों का वाचन किया गया। इसके पश्चात अतिथियों ने आपदा प्रबंधन प्रदर्शनी का अवलोकन किया, जहाँ आधुनिक रेस्क्यू उपकरणों एवं तकनीकों की विस्तृत जानकारी दी गई। समारोह में ग्लोरियस स्टार्स अकैडमी के बच्चों ने देशभक्ति गीत प्रस्तुत किए, जिनसे पूरा वातावरण देशप्रेम की भावनाओं से सराबोर हो उठा। इसी क्रम में एसडीआरएफ टीम ने आपदा प्रबंधन से जुड़े उपकरणों एवं तकनीकों का लाइव डेमोंस्ट्रेशन प्रस्तुत किया, जिसे उपस्थित जनसमूह ने बड़ी रुचि से देखा। होमगार्ड जवानों द्वारा रेस्क्यू एवं आपदा प्रबंधन में उपयोगी सामग्रियों की प्रदर्शनियाँ भी लगाई गईं। नपा अध्यक्ष ने सुरक्षा एवं सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले होमगार्ड एवं एसडीआरएफ जवानों के साथ आपदा मित्र नीलेश तिवारी, शिवम मिश्रा तथा सिविल डिफेंस वालंटियर्स को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इसके अलावा विभिन्न परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जवानों के मेधावी बच्चों को प्रोत्साहन राशि के चेक, प्रशस्ति पत्र एवं टी-शर्ट भी प्रदान की गईं। डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट भूपेंद्र ठाकुर ने सभी उपस्थित जनों का आभार व्यक्त किया।

### छतरपुर जिले में पर्याप्त खाद उपलब्धता सुनिश्चित

# 2043 मीट्रिक टन यूरिया की रैक पहुंची जल्द आएंगी 2 और रैक : कलेक्टर

**छतरपुर।** कलेक्टर पार्थ जैसवाल के निर्देश पर जिले में रबी सीजन के दौरान खाद की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में शनिवार देर रात 2043 मीट्रिक टन यूरिया खाद की रैक छतरपुर पहुंची। रैक पॉइंट से सीधे सटई रोड स्थित छतरपुर मंडी परिसर के डबल लॉक केंद्र पर खाद का वितरण शीघ्र शुरू कर दिया गया।जिले के विभिन्न डबल लॉक केंद्रों को खाद का आवंटन भी कर दिया गया है। इसमें छतरपुर को 380 मी. टन, बमीठा 250 मी. टन, लवकुशनगर 250 मी. टन, हरपालपुर 130 मी. टन, बिजावर 230 मी. टन, एमपी एग्रो छतरपुर 90 मी. टन और बड़ामलहरा डबल लॉक केंद्र को 200 मी. टन यूरिया खाद भेजा गया है। शेष खाद निजी विक्रेताओं के माध्यम से किसानों को उपलब्ध कराया जाएगा। रबी सीजन में खाद की बढ़ती मांग को देखते हुए कलेक्टर जैसवाल ने रविवार को भी जिले के सभी डबल लॉक केंद्रों से खाद वितरण के निर्देश दिए हैं, ताकि किसानों को किसी प्रकार की परेशानियों का सामना न करना पड़े।



## भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर सांसद ने किया माल्यार्पण



**खजुराहो।** अंबेडकर जी के 70वें परिनिर्वाण दिवस पर भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं खजुराहो सांसद विष्णु दत्त शर्मा ने खजुराहो स्थित अंबेडकर चौराहे पर पहुंचकर भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि भारत के संविधान निर्माता डॉ. अंबेडकर को हम सभी उनकी महान सेवाओं और आदर्शों को स्मरण कर श्रद्धापुष्प अर्पित करते हैं। डॉ. शर्मा ने कहा कि अंबेडकर जी ने भारत को समानता, न्याय और भाईचारे की मजबूत नींव दी है। उनके विचार आज भी देश के करोड़ों लोगों के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। कार्यक्रम में राजनगर विधायक अरविंद पटेरिया, पन्ना विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह, छतरपुर विधायक ललिता यादव, भाजपा जिला अध्यक्ष चंद्रभान सिंह गौतम, खजुराहो नगर परिषद अध्यक्ष अरुण कुमार पप्पू अवस्थी सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, जनप्रतिनिधि और भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने बाबा साहेब के मिशन और आदर्शों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। खजुराहो में आयोजित यह श्रद्धांजलि सभा पूर्ण गरिमा और शांति के साथ संपन्न हुई।

# डिवाइडर ने बढ़ाई मुश्किलें, मुख्यमंत्री नलजल योजना पर गहराया



**बकस्वाहा। जबलपुर-छतरपुर मुख्य मार्ग पर बकस्वाहा में बनाया जा रहा डिवाइडर अपने शुरुआती दौर से ही विवादों में रहा है लेकिन नगर परिषद के मौन संरक्षण के चलते ठेकेदार स्थानीय लोगों की परवाह ना करते हुए नियम विरुद्ध गुणवत्ता विहीन निर्माण कार्य कर शासन के करोड़ों रुपए ठिकाने लगाने में जुटा है।**

डिवाइडर युक्त सड़क का निर्माण कार्य लगभग 18 माह पूर्व शुरू हुआ जिसमें ठेकेदार द्वारा सड़क के दोनों तरफ की पटरिया एक फिट से अधिक खोद दी गई जिसमें मुख्यमंत्री नलजल योजना के दर्जनों नल कनेक्शन तोड़ दिए गए जो लगभग 5 माह तक काम बंद रहने की वजह से बंद पड़े टूटे नल कनेक्शनों से पानी बहता रहा ग्रामीणों के विरोध करने के बाद नल केन्शक्शन सुधारने का काम किया गया और ग्रामीणों के विरोध के बाद भी ठेकेदार द्वारा नलजल योजना की पाईप लाइन के ऊपर से ही सड़क का घटिया निर्माण कर दिया गया जो अब ग्रामीणों की परेशानी बड़ा रहा है पाइप लाइन पर बने चैंबर भी बंद कर दिए निर्माण के दौरान चैंबर इस डिवाइडर में भूमिगत कर दिया गए अगर लाइन खराब हुई तो फिर कैसे सुधार होगा ये नहीं पता पर नगर परिषद इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रही है।

आपको बता दे कि छतरपुर जबलपुर मुख्य मार्ग पर बकस्वाहा में बनाई जाने वाली डिवाइडर युक्त सड़क से रोजाना सैकड़ों की संख्या में भरी वाहनों की आवाजाही होती है ऐसे में पानी की पाईप लाइन के ऊपर मुख्य सड़क का निर्माण क्यों कराया गया ग्रामीणों ने उक्त निर्माण कार्य का विरोध किया लेकिन नगर परिषद के उदासीन रवैए के चलते ठेकेदार ने नियम विरुद्ध घटिया निर्माण कार्य कर शासन की लगभग 1करोड़ की राशि को ठिकाने लगाने में कोई कसर नहीं छोड़ी नियम विरुद्ध कराए गए घटिया निर्माण के चलते आज सड़क के साथ पानी की लाईन भी क्षतिग्रस्त होती जा रही है।

### मुख्यमंत्री नलजल योजना पर गहराया संकट

भारी वाहनों की आवाजाही के चलते मुख्य मार्ग के नीचे डली पाईप लाइन अब टूटना शुरू हो गई है बक्स्वाहा बस स्टैंड के मुख्य चौराहे पर पानी की पाईप लाइन पिछले 10दिन से क्षतिग्रस्त है जिसमें से लगातार पानी का बहाव जारी है वही अधिकारी अभी भी मामले को गंभीरता से नहीं ले रहे आने वाले समय में नगर में सुचारू रूप से पेयजल प्रदाय हो सके इस पर ध्यान देना बेहद जरूरी है।

बकस्वाहा में पिछले कई दशकों से पेयजल समस्या स्थानीय लोग झेल रहे है जिसके बाद आज ये स्थिति है कि नगर के वार्डो तक पानी पहुंच रहा है कुछ हद तक जल संकट से निजाद मिल सकी है पर नगर परिषद की कारगुज़ारी के कारण जिस दिन पाइप लाइन खराब होगी पूरे नगर की सप्लाई बंद हो जाएगी।

### रामकुमार इंजीनियर नलजल योजन

पाईप लाइन के ऊपर से डिवाइडर का निर्माण होने से पाईप लाईन क्षतिग्रस्त होने की संभावनाएं बढ़ेगी, पाईप लाईन को बदलने के लिए नगर परिषद द्वारा मुझे किसी प्रकार की जानकारी नहीं दी गई,अगर लाइन क्षतिग्रस्त होगी तो सड़क खोदकर काम करना पड़ेगा

# अधिवक्ताओं ने तहसील में फैले भ्रष्टाचार व दलालों की सक्रियता पर जताई नाराजग़ी

### अधिकारियों की अनुपस्थिति पर उठाए सवाल,सौपेंगे ज्ञापन

**छतरपुर।** शनिवार दोपहर लगभग 1 बजे तहसील परिसर में अधिवक्ताओं ने तहसील में फैले भ्रष्टाचार, दलालों की बढ़ती सक्रियता और अधिकारियों की अनुपस्थिति को लेकर कड़ी नाराजग़ी जताई। अधिवक्ताओं का कहना है कि तहसील परिसर में रजिस्ट्री, नामांतरण, विरासत, नक्शा, जाति-आवास जैसे कार्यों के लिए आम नागरिकों को दलालों के माध्यम से ही भटकना पड़ता है, जबकि अधिकारी समय पर बैठते नहीं हैं।अधिवक्ताओं ने बताया कि तहसीलदार, एसडीएम सहित कई राजस्व अधिकारी नियमित समय पर अपने कक्षों में नहीं बैठते, जिसके कारण लोग घंटों परेशान होते हैं। अधिवक्ताओं ने आरोप लगाया कि कई कर्मचारी और रीडर कार्य के लिए अनावश्यक देरी करते हैं तथा कई मामलों में रिश्वत की मांग भी की जाती है। ऐसी स्थिति में जनता और अधिवक्ताओं दोनों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।इसी मुद्दे को लेकर अधिवक्ताओं ने शनिवार को सामूहिक रूप से ज्ञापन तैयार किया है, जिसे वे संबंधित अधिकारियों को सौंपेंगे। ज्ञापन में तहसील स्तर पर व्याप्त भ्रष्टाचार की जांच, दलालों पर कार्रवाई, तथा अधिकारियों की समय पर उपस्थिति सुनिश्चित करने की मांग की गई है। अधिवक्ताओं ने चेतावनी दी है कि यदि परिस्थितियाँ नहीं सुधरीं, तो वे आंदोलन की राह भी अपना सकते हैं। अधिवक्ता समुदाय ने प्रशासन से तत्काल इस मुद्दे पर हस्तक्षेप करते हुए पारदर्शिता और जनहित में आवश्यक कदम उठाने की मांग की है। इस बीच संतोष द्विवेदी अशोक कुमार श्रीवास हरिशंकर कुशवाहा यूनुस खान शैलेंद्र सिंह अरुण कुमार सक्सेना हरिशंकर अग्रवाल बृजेश पटेरिया आलोक मिश्रा विनोद धनीराम अहिरवार मुकेश वर्मा बृजेंद्र सिंह बालमुकुंद मिश्रा सहित अनेक अधिवक्ता मौजूद रहे।



# श्री कृष्णा विश्वविद्यालय टैलेंट हंट परीक्षा के द्वितीय चरण का सफलतापूर्वक हुआ आयोजन





**छतरपुर।** श्री कृष्णा विश्वविद्यालय, छतरपुर द्वारा आयोजित टैलेंट हंट परीक्षा के चार चरणों में से आज दिनांक 6 दिसम्बर 2025 को द्वितीय चरण की परीक्षा आयोजित की गई। परीक्षा में राजनगर, लवकुशनगर एवं गौरिहार ब्लॉक के 1465 छात्र-छात्राएं और उनके साथ विभिन्न विद्यालयों से 33 अध्यापक भी उपस्थित हुये। परीक्षा के दौरान उपस्थित सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र वितरित किए गए। टैलेंट हंट परीक्षा में सम्मिलित विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय में संचालित सभी विभागों के साथ-साथ संगीत से संबंधित विभिन्न वाद्ययंत्रों का अवलोकनकर ललितकला में पेंटिंग बनाने के कार्य से रूबरू हुए। वहीं केंद्रीय पुस्तकालय, मूट कोर्ट, सभागार, एन.सी.सी और एन.एस.एस कार्यालय का भ्रमण किया। विद्यार्थियों के स्वास्थ्य परीक्षण हेतु श्री कृष्णा आयुर्वेद अस्पताल द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण शिविर लगाकर उनका स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय में संचालित विभिन्न प्रकार के पाठ्यक्रमों को अपने लिए लाभकारी बताया। साथ ही कहा कि अब हमें उच्च शिक्षा के लिए अपने शहर से कहीं दूर नहीं जाना पड़ेगा। हमें अपने मन और इच्छा के अनुसार विषयो का चयन करने के लिए यहीं सुविधा उपलब्ध है। हम छतरपुर में रहकर ही अपनी उच्च शिक्षा ग्रहण करके रोजगार प्राप्त कर अपने भविष्य को उज्ज्वल बना सकते हैं। विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों के साथ-साथ उपस्थित अध्यापको एवं अभिभावको के लिए परिसर में ही भोजन की व्यवस्था के अलावा गंतव्य स्थान से विश्वविद्यालय आने-जाने हेतु विश्वविद्यालय की बसों से व्यवस्था की गई। टैलेंट हंट परीक्षा के प्रथम चरण के उपरांत द्वितीय चरण का संचालन सफलता पूर्वक सुचारू रूप से सम्पन्न किया गया। परीक्षा में विश्वविद्यालय के समस्त प्राध्यापको और कर्मचारियों का विशेष सहयोग रहा। परीक्षा के संयोजक डॉ. शिवेंद्र सिंह परमार ने सहयोग के लिए सभी का आभार व्यक्त किया।

# बुजुर्ग महिला सहित परिवार से दोबारा मारपीट, लूटपाट व जान से मारने की धमकी, पीड़ित पक्ष फिर पहुंचा एसपी ऑफिस

**छतरपुर।** राजनगर थाना क्षेत्र के ग्राम डहर्रा में 65 वर्षीय वृद्ध महिला मुलिया पटेल के साथ लगातार मारपीट, लूटपाट और जान से मारने की धमकियों का मामला गंभीर होता जा रहा है। पीड़ित महिला ने शुक्रवार को एसपी कार्यालय में शिकायत देकर आरोपी श्रीपत पटेल, रामकिशोर पटेल, भूमादीन पटेल और शीला पटेल के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी, जिसके बाद पुलिस ने बीएनएस की धारा 296(ए), 115(2), 351(3), 3(5) के तहत मामला दर्ज किया था।लेकिन एफआईआर दर्ज होने के अगले ही दिन घटना ने नया मोड़ ले लिया। शनिवार सुबह करीब 7 बजे जब वृद्ध महिला घर पर अकेली थी, तभी आरोपियों ने दोबारा घर में घुसकर लात-घूंसों और डंडों से मारपीट की। पीड़िता ने आरोप लगाया कि आरोपी उसे पैतृक घर छोड़कर चले जाने की धमकी देते हुए बोले यहां मत रहो, नहीं तो जिंदा मार देंगे। एसपी ऑफिस में महिला किनारे घायल अवस्था मे पड़ी हुई है परिवार न्याय की गुहार लगा रहा है।

पीड़िता रिपोर्ट दर्ज कराने राजनगर थाना जा रही थी, उसके पास मूँगफली विक्रय के 28,000 रुपये भी थे। रास्ते में आरोपियों के साथ अन्य तीन लोगों ने भी खंडा और कुल्हाड़ी दिखाकर उस पर हमला किया और गंभीर चोटें पहुंचाईं। इसी दौरान उसके पास रखे 28,000 रुपये भी लूट लिए गए। किसी तरह जान बचाकर वह छतरपुर अपने पुत्र के पास पहुंची। वृद्ध महिला का कहना है कि आरोपीगण आपराधिक प्रवृत्ति के हैं और लगातार उसे व उसके पुत्र को जान से मारने की धमकी दे रहे हैं, जिससे उनके परिवार में भय का माहौल बना हुआ है। पीड़ित पक्ष शनिवार को फिर एसपी कार्यालय पहुंचा और आरोपियों पर लूट, जानलेवा हमला एवं धमकी की धाराओं में कठोर कार्रवाई की मांग की। पीड़ित परिवार का कहना है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो उनकी जान को गंभीर खतरा बना रहेगा और गांव में रहना मुश्किल हो जाएगा। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।



# नवजात के बाद प्रसूता की मौत पर परिजनों का फूटा आक्रोश

## उपचार में लापरवाही का आरोप लगाते हुए अस्पताल में जमकर हंगामा चिकित्सकों पर लगाए गंभीर आरोप, कार्रवाई की मांग

रीवा।

गांधी मैमोरियल अस्पताल के गायनी वार्ड प्रसव पीड़ा के बाद लाई गए एक प्रसूता के नवजात की मौत के बाद प्रसूता की मौत के बाद शुक्रवार को परिजनों का आक्रोश फूट पड़ा। नवजात बच्चे और प्रसूता की मौत के बाद नाराज परिजनों ने उपचार में लापरवाही का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। परिजनों का आरोप है कि स्वस्थ अवस्था में महिला को ऑपरेशन थिएटर ले जाया गया, जहां सीजर के बाद उसकी हालत बिगड़ गई और अत्यधिक रक्त स्त्राव से उसकी जान चली गई। परिजनों का आरोप है कि प्रसव के दौरान महिला के उपचार में लापरवाही बरती गई है जिसके चलते नवजात की जन्म होते ही मौत हो गई तो वहीं प्रसूता की भी जान चली गई। परिजनों ने बताया कि महिला के शरीर में 14 परसेंट हीमोग्लोबिन पहले से मौजूद था, इसके बाद भी ब्लड की मांग पर 20 हजार में ब्लड परिजनों को खरीदना पड़ा, लेकिन मरीज की जान नहीं बचाई जा सकी। जानकारी के मुताबिक गोबिंदगढ़ निवासी सविता साहू को एक दिन पूर्व गुरुवार को प्रसव के लिए गांधी मेमोरियल अस्पताल





लाया गया था, जहां नवजात की मौत हो गई, जिसके बाद महिला की भी शुक्रवार को जान चली गई।परिजनों के आक्रोश के आगे बैक फुट में दिखे चिकित्सकपरिजनों का आरोप था कि गर्भवती महिला का लापरवाही पूर्वक आपरेशन किया गया। आपरेशन में महिला की नस कट गई। जिससे अत्यधिक खून का लॉस होने से उसकी जान चली गई। पहले बच्चे की मौत हुई। हंगामा मचा तो महिला को मृत हालत में वेंटीलेटर पर डाल दिया। पल्स, रीडिंग सब जीरो थी। मामला शांत होने का इंतजार करते रहे। परिजनों के मुताबिक शुक्रवार की सुबह करीब 7 बजे गर्भवती महिला को आपरेशन थिएटर ले जाया गया। उस दौरान ड्यूटी पर महिला चिकित्सक ने ऑपरेशन शुरू किया। आपरेशन के दौरान लापरवाही बरती गई और पेट की नस कट गई।, जिसके बाद मृत नवजात को निकाला गया। बच्चे की मौत के बाद अस्पताल में परिजनों ने हंगामा शुरू कर दिया। भीड़ और हंगामा देखते हुए डीन के निर्देश पर महिला को वेंटीलेटर पर डाल दिया गया। मामला शांत होने का इंतजार किया गया। आरोप है कि महिला का दम निकल चुका था। लेकिन चिकित्सर अपने आप को बचाने दिखावे की कोशिश करते रहे।परिजनों ने जमकर मचाया हंगामा, पुलिस छावनी बना अस्पतालबच्चे की मौत के बाद परिजनों का गुस्सा फूट पड़ा। परिजनों ने अस्पताल में हंगामा शुरू कर दिया। भीड़ बढ़ी तो प्रबंधन ने पुलिस बुला ली। अस्पताल परिसर पुलिस छावनी में तब्दील गया। परिजनों ने डॉक्टरों पर लापरवाही का आरोप लगाया है। साथ ही एक महिला परिजन ने डॉक्टरों पर मोबाइल छीनने और धक्का मुक्की किए जाने का भी आरोप लगाया। कई घंटों तक अस्पताल में हंगामा मचा रहा। अंतिम कोशिश की नौटंकी परिजनो के सामने की गई। कई इंजेक्शन सीने पर डॉक्टरों ने लगाए लेकिन मृत महिला की सांस कहा लौटनी थी। महिला को मृत घोषित कर दिया गया। इसके बाद परिजनों ने फिर हंगामा कर दिया। परिजनों ने शव लेने से इंकार कर दिया। जिसके बाद देर रात तक अस्पताल मे हंगामे की स्थित बनी रही।

# नगर निगम रीवा में स्वास्थ्य शिविर आयोजित, 60 लोगों का हुआ परीक्षण



रीवा

नगर निगम क्षेत्र में 5 से 20 दिसंबर तक जारी स्वास्थ्य शिविर श्रृंखला के तहत 6 दिसंबर को नगर पालिक निगम रीवा द्वारा संचालित अटल आश्रय स्थल में निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में पहुँचे चिकित्सकीय दल ने कुल 60 लाभार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। वहीं मौके पर ही आवश्यक दवाओं का वितरण किया गया। डॉक्टरों ने बढ़ती ठंड के बीच स्वास्थ्य को सुरक्षित रखने के उपाय भी बताए और लोगों को जागरूक किया। अटल आश्रय स्थल में रह रहे हितग्राहियों के साथ-साथ दीनदयाल रसोई केंद्र के कर्मचारी, स्वच्छता मित्र तथा अन्य उपस्थित लोगों ने भी स्वास्थ्य परीक्षण कराकर लाभ उठाया। नगर निगम अधिकारियों ने बताया कि नगर क्षेत्र में 5 से 20 दिसंबर तक विभिन्न स्थानों पर ऐसे स्वास्थ्य शिविर निरंतर आयोजित किए जा रहे हैं, जिनका उद्देश्य जरूरतमंद लोगों को बुनियादी स्वास्थ्य सुविधाएँ उपलब्ध कराना है।

## खबर संक्षेप

### कमिश्नर ने धान खरीदी केन्द्र और उचित मूल्य दुकान का किया निरीक्षण



**रीवा ।** जिले भर में निर्धारित खरीदी केन्द्रों में पंजीकृत किसानों से धान का उपार्जन किया जा रहा है। कमिश्नर रीवा संभाग बीएस जामोद ने अमिलकी में धान खरीदी केन्द्र का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित अधिकारियों से धान खरीदी के संबंध में जानकारी ली। कमिश्नर ने मौके पर उपस्थित समिति प्रबंधक और अन्य कर्मचारियों को निर्देश देते हुए कहा कि किसानों से निर्धारित सामान्य औसत किस्म का धान ही खरीदें। किसानों को धान की तुलाई के लिए अनावश्यक इंतजार न करना पड़े। किसानों से किसी भी स्थिति में अतिरिक्त राशि न लें। प्रत्येक बोरी में तौल के बाद टैग और एक्सटेंसिल अनिवार्य रूप से लगाकर उसमें किसानों के पंजीयन क्रमांक को दर्ज करें। किसानों को निर्धारित समय सीमा में उपार्जित धान का भुगतान कराएं। निरीक्षण के समय एसडीएम हुजूर डॉ अनुराग तिवारी, जिला आपूर्ति नियंत्रक कमलेश तांडेकर तथा अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। कमिश्नर ने उचित मूल्य दुकान सिलपरा का भी निरीक्षण किया

### विशेष गहन पनुरीक्षण कार्य संबंधी बैठक 8 दिसम्बर को

**रीवा ।** मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यों के संबंध में 8 दिसम्बर को दोपहर बाद 3 बजे से कलेक्ट्रेट के बाणसागर सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई है। बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल करेंगी। उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुधीर बेक ने मान्यता प्राप्त राजनैतिक पार्टियों के अध्यक्ष अथवा अधिकृत प्रतिनिधियों से बैठक में उपस्थिति सुनिश्चित करने का अनुरोध किया है।

### राजनैतिक दलों को प्रदाय की गई मतदान केन्द्रों की सूची

**रीवा ।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुधीर बेक ने बताया है कि जिले की सभी विधानसभा क्षेत्रों के सभी मतदान केन्द्रों के युक्तियुक्तकरण के प्रस्तावों को अनुमोदित कर दिया गया है। निर्वाचन आयोग द्वारा अनुमोदित मतदान केन्द्रों के विवरण को अद्यतन किया गया है। विधानसभा क्षेत्र सिरमौर, सेमरिया, त्योंथर, मनगवां, रीवा तथा गुढ़ के मतदान केन्द्रों की अद्यतन सूची राजनैतिक दलों को प्रदाय कर दी गई है।

### अभियोजन अधिकारियों की कार्यशाला संपन्न

**रीवा ।** कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में अभियोजन अधिकारियों की संभागीय कार्यशाला का आयोजित की गई। अभियोजन निदेशक बीएल प्रजापति लोक अभियोजन निदेशालय भोपाल के मार्गदर्शन में एवं सुशील कुमार शुक्ला सहायक निदेशक जिला अभियोजन संचालनालय रीवा के नेतृत्व में स्वापक औषधि एवं मनः प्रभावी पदार्थ अधिनियम (एनडीपीएस एक्ट) 1985 के संबंध में कार्यशाला आयोजित की गई। यह अधिनियम कुछ औषधियों के चिकित्सकीय और वैज्ञानिक उपयोग को छोड़कर उनके अवैध व्यापार और दुरूपयोग को रोकने के लिए बनाया गया है। कार्यशाला का शुभारंभ पुलिस अधीक्षक रीवा शैलेन्द्र सिंह चौहान द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यशाला में संदीप मिश्रा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रीवा, महेंद्र सिंह गौतम सहायक संचालक भोपाल के साथ संभाग के समस्त अभियोजन अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यशाला के वक्ता सूर्य प्रसाद पाण्डेय वरिष्ठ अभियोजन अधिकारी ने एनडीपीएस अधिनियम के अंतर्गत अपराध एवं अनुसंधान तथा इन पदार्थों के विनष्टीकरण के संबंध में विधिक प्रावधानों के विषय पर जानकारी दी। हनुमंत किशोर शर्मा जिला अभियोजन अधिकारी अजाक रेंज रीवा के द्वारा नशे का मनोविज्ञान एवं मानव मस्तिष्क पर प्रभाव के विषय पर महत्वपूर्ण व्याख्यान दिया गया।

# उप मुख्यमंत्री ने होमगार्ड तथा नागरिक सुरक्षा स्थापना दिवस में की शिरकत



**रीवा ।** जिले में होमगार्ड्स का 79वां और नागरिक सुरक्षा संगठन का 63वां स्थापना दिवस मनाया गया। उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने होमगार्ड तथा नागरिक सुरक्षा के स्थापना दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप शामिल हुए। होमागर्ड परेड मैदान में आयोजित इस भव्य कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री ने परेड की सलामी ली और उसका निरीक्षण किया। उन्होंने होमगार्ड जवानों द्वारा प्रस्तुत किए गए आकर्षक मार्चपास्ट की भी सराहना की। समारोह में उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले होमगार्ड जवानों के साथ-साथ मेधावी विद्यार्थियों को भी पुरस्कृत किया। कार्यक्रम के बाद उप मुख्यमंत्री ने 171.16 लाख रुपये की लागत से निर्मित जिला होमगार्ड बैरक के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने होमगार्ड्स के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि हम सब सेवा, अनुशासन और समर्पण के लिए प्रतिबद्ध हैं। होमगार्ड्स के जवान हमारी सुरक्षा के लिए हमेशा मौजूद रहते हैं। उन्होंने इस बात पर भी ज़ोर दिया कि जवान जिला पुलिस बल के साथ मिलकर कानून व्यवस्था बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने संगठन को अपने कर्तव्यों के प्रति उत्साह बनाए रखने का संदेश देते हुए कहा कि अपने काम को उत्सव के रूप में मनाना चाहिए। इससे हमारा इतिहास भी सामने आ जाता है और वर्तमान में जो चुनौतियाँ हैं उनका कैसे सामना करना है उसके लिए हमारा संकल्प भी मजबूत होता है। उप मुख्यमंत्री ने होमगार्ड और नागरिक सुरक्षा स्थापना दिवस को इस वर्ष गणतंत्र दिवस और स्वतंत्रता दिवस की तरह उल्लास के साथ मनाने की पहल के लिए डिस्ट्रिक्ट कमाण्डेंट होमगार्ड्स मीनक्षी चौहान की विशेष प्रशंसा की। उन्होंने जोर दिया कि ऐतिहासिक चीजों का उत्सव मिलकर मनाना चाहिए ताकि समाज में एक अच्छा संदेश जाए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह चौहान, होमगार्ड्स के जवान, नागरिक सुरक्षा संगठन के सदस्य तथा गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# लिंग आधारित हिंसा रोकथाम और मानवाधिकार पर कार्यक्रम आयोजित

रीवा



अंतर्राष्ट्रीय महिला हिंसा उन्मूलन दिवस 25 नवम्बर से मानवाधिकार दिवस 10 दिसम्बर तक जेंडर आधारित हिंसा रोकथाम जागरूकता अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में शासकीय माध्यमिक विद्यालय जोरी में अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को लिंग समानता, अधिकारों की समझ, हिंसा के विभिन्न रूपों की पहचान और रोकथाम के उपायों के प्रति संवेदनशीलता विकसित करने के के बारे में जानकारी दी गई। अभियान के दौरान विद्यालय परिसर में विद्यार्थियों की रचनात्मकता और जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इनमें रंगोली, मेंहदी, भाषण, निबंध, और चित्रकला जैसी गतिविधियां शामिल थीं, जिनमें बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इसके लिए जेंडर समानता, महिला सशक्तिकरण, बाल अधिकार और सामाजिक संवेदनशीलता विष्यों को चुना गया था। बच्चों में उत्साह व सहभागिता बढ़ाने के लिए चॉकलेट वितरित किए गए तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व सीडब्ल्यूसी अध्यक्ष ममता सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित किया। उन्होंने जोर दिया कि समाज में महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा और सम्मान सभी की साझा जिम्मेदारी है। उन्होंने विद्यार्थियों को बाल सुरक्षा, शोषण रोकथाम, और हिंसा की स्थिति में उठाए जाने वाले त्वरित कदमों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी। यह कार्यक्रम जिले के जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री नयन सिंह के निर्देशन में आयोजित किया गया। इस अवसर पर वन स्टॉप सेंटर की प्रभारी प्रशासक श्रुति मिश्रा, केस वर्कर रेणु गौतम सहित विभागीय टीम उपस्थित रही। टीम ने बच्चों को जेंडर आधारित हिंसा की रोकथाम, पाक्सो एक्ट, महिला एवं बाल सुरक्षा से संबंधित कानून, हेल्पलाइन सेवाएँ 1098 तथा 181 के बारे में जानकारी दी। इसके अतिरिक्त बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना, जिला हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ वूमेन, और वन स्टॉप सेंटर सेवाओं सहित महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी साझा की गई, जिससे विद्यार्थियों को सरकारी सहायता तंत्र को समझने और उसका उपयोग करने की प्रेरणा मिली। विद्यालय परिवार और विभागीय अधिकारियों ने एकमत से इस प्रकार के जागरूकता अभियान को समाज में सकारात्मक परिवर्तन की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बताते हुए भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों को नियमित रूप से संचालित करने की आवश्यकता पर बल दिया।

## स्व. भैयालाल शुक्ल की पुण्यतिथि पर प्रार्थना सभा आयोजित, उप मुख्यमंत्री हुए शामिल



रीवा।

उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल अपने पूज्य पिताजी एवं विंध्य क्षेत्र के प्रख्यात समाजसेवी स्व. भैयालाल शुक्ल की 10वीं पुण्यतिथि के अवसर पर हरिहरपुर धाम रीवा में आयोजित प्रार्थना सभा में शामिल हुए। उप मुख्यमंत्री ने स्व. शुक्ल के स्मृति स्थल पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके महान कार्यों और जीवन मूल्यों का स्मरण किया। प्रार्थना सभा में परिवारजन सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि, ग्रामवासी तथा समाजसेवी उपस्थित रहे। प्रार्थना सभा को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि यह भावपूर्ण अवसर उस महान विभूति की स्मृति को समर्पित है जिन्होंने अपना संपूर्ण जीवन समाजसेवा, मानवीय मूल्यों और त्याग के आदर्शों को जिया। पूज्य पिता जी ने जीवनभर सेवा, त्याग और मानवता के आदर्शों को अपनाया और समाज में एक मिसाल प्रस्तुत की। पूज्य पिताजी के त्याग, सेवा और मानवीय मूल्यों की विरासत सदैव प्रेरणा देती रही है। उन्होंने सादगी, त्याग और मानव–सेवा को अपने जीवन का धर्म बनाया। उप मुख्यमंत्री ने भावपूर्ण शब्दों में अपने पिताजी के दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प व्यक्त करते हुए कहा कि उनके द्वारा स्थापित मानवीय मूल्यों को आगे बढ़ाना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने उपस्थित संत समाज को श्रद्धा और सम्मान के प्रतीक स्वरूप श्रीफल एवं शॉल भेंट कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया तथा पूज्य पिताजी की स्मृति में पौधारोपण कर प्रकृति के प्रति अपनी कृतज्ञता प्रकट की।

## कागजी आंकड़ों में चल रही हरियाली योजना, सात जिलों की 21 नर्सरियों में रोपे जाते है पौधे

# वन मंडलों ने मांगा था 96 लाख पौधे रोपे गए 87 लाख

### सिंगरौली और सतना से आई थी सर्वाधिक डिमांड

### रख रखाव नहीं होने से हो गए लापता पिछले साल बारिश नहीं होने से कम हो गई थी



**रीवा।** पौध रोपड़ के नाम पर उगाए गए पौधे पूरी तरह से गायब हो गए है। हर साल लाखों पौधे वन मंडल नर्सरियों से उठाया जाता है। इसके बाद भी बन क्षेत्र मने नहीं हो पा रहे हैं। हालत यह है कि अब तो वन विभाग के अधिकारियों को भी पता नहीं है कि रीवा और शहडोल संभाग में लगाए गए कितने पौधे जीवित अवस्था में बचे है। इस बार मन मंडलों ने वन अनुसंधान विस्तार वानिकी विभाग से 96 लाख पौधों की डिमांड की थी। जिसमें से 87 लाख पौधों का उठाव किया गया था। यह आंकड़ा सिर्फ एक साल का है। नर्सरियों से इतने ही पौधे हर साल मांगे और उठाए जाते है लेकिन लगते कहीं है। इसका किसी को पता नहीं है। कागजों में वन विभाग हरियाली बनाए रखता है। पूरे मप्र में एक पेड़ मां के नाम, हरियाली महोत्सव चलाया जा रहा है। इस अभियान के नाम पर पौधरोपण तो ही रहा है। इसके अलावा भी वन विभाग कैपा सहित अन्य योजनाओं के तहत भी पौधों की डिमांड करता है। वन अनुसंधान एवं विस्तार वानिकी के पास 7 जिलों में करीब 21 से ज्यादा नर्सरियां है। यहां डिमांड के हिसाब से हर साल पौधे तैयार किए जाते हैं। इस साल वन मंडलों से करीब 96 लाख पौधों की भारी भरकम डिमांड पहुंची थी। बारिश ने भी इस बार खूब साथ दिया था।समय से पहले आया था मानसूनबता दें कि इस साल समय से पहले मानसून आ गया था। इसका असर नर्सरियों में दिखाई दिया था वन मंडलों से धड़ाधड़ पौषों का उवाच भी शुरू हो गया था। खास बात यह है कि अन मंडल, संजय टाइगर रिजर्व, बांधवगढ़ ने भी डिमांड की थी। मानसून में 90 फीसद पौधे का उठाव कर लिया गया था। सबसे अधिक पौधों की डिमांड इस मर्तबा भी सिंगरौली और सीधी से हुआ था। कुल डीमांड की आधी संख्या इन्हीं दो जिलों से मांगी गई थी।पिछले साल सिमट गया था आंकड़ासूत्रों की मानें तो वर्ष 2024 में भी वन मंडलों ने करीब 80 लाख पौयों की डिमांड की थी लेकिन बारिश ही नहीं हुई। इसके कारण डिमांड की तुलना में नर्सरियों से पौषों का उदाब कम हुज्य था। करीष 55 से 60 लाख पौधे ही उठाए गए थे। कई वन मंडलों ने पौधे तो उठा लिए थे लेकिन उन्हें लगाया तक नहीं जा सका गा। सारे पौधे बेकार हो गए थे वहीं वर्ष 2023 में करीब 86 लाख पौधे की डिमांड की गई थी। इसमें सबसे ऊपर सिगरौली जिला ही था।सरकारी विभागों ने वन विभाग पर नहीं जताया भरोसासरकारी विभागों ने भी हरियाली महोत्सव सहित एक पेड़ मां के नाम अभियान चलाया लेकिन बन विभाग पर भरोसा नहीं जताया। स्कूल शिक्षा विभाग से पौधों की डिमांड जीरो रही। पुलिस अधीक्षक ने हरियाली महोत्सव में 205 पौने लिए लोक अदालत में 110 पौधे दिए गए अन्य शासकीय विभागों में 26 हजार 33 पौधे वितरित किए गए। इसके अलावा अशासकीय संस्था और संगठन ने सिर्फ 30 पौधे उठाए। जन सामान्य और किसानों ने 148 पौधे लिए सबसे अधिक पौधरोपण में वन विभाग ने ही भूमिका निभाई। अन्य विभाग सिर्फ हाव ही मचाते रह गए।सागौन और बांस के पौधों की रही डिमांडसबसे अधिक डिमांड इस साल सागौन और देशी बांस की थी। 27 लाख पौधे सागौन और 15 लाख पौधे देशी बांस के वन मंडलों ने मांगे थे वहीं अन्य पौधों की संख्या 54 लाख के आस-पास रही। पौधों के उठाव के मामले में बांधवगढ़ का सबसे कम डिमांड और शतप्रतिशत उठाव रखा। इसके अलावा सहना और दक्षिण शहडोल ने भी 96 फीसदी से अधिक पौधे नर्सरियों से उठा लिए हैं। सबसे पीछे उमरिया और सीधी जिला है।

# मऊगंज पुलिस ने ऑपरेशन रिंग टोन के तहत 37 गुम मोबाइल किये बरामद



**मऊगंज** पुलिस अधीक्षक दिलीप सोनी के निर्देशन एवं एसडीओपी सचि पाठक के मार्गदर्शन में संचालित विशेष अभियान "ऑपरेशन रिंग टोन" ने शुक्रवार को एक और बड़ी सफलता दर्ज की। गुम एवं चोरी हुए मोबाइल फोनों की खोज में चलाए जा रहे इस अभियान के तहत पुलिस ने तकनीकी विश्लेषण और सर्विलांस प्रणाली का उपयोग करते हुए 37 मोबाइल फोन बरामद किए, जिनकी कुल अनुमानित कीमत 6 लाख 50 हजार बताई गई है। बरामद मोबाइलों को पुलिस कंट्रोल रूम मऊगंज में आयोजित कार्यक्रम में उनके वास्तविक मालिकों को सौंपा गया। अपने खोए हुए मोबाइल पुनः प्राप्त कर नागरिकों के चेहरों पर खुशी, राहत और संतोष साफ झलक रहा था। पुलिस ने इन मोबाइल फोनों को CEIR (Central Equipment Identity Register) पोर्टल तथा तकनीकी सर्विलांस की मदद से विभिन्न जिलों और अन्य राज्यों से ट्रेस किया। पुलिस की तकनीकी टीम ने IMEI ट्रैकिंग और लोकेशन बेस्ड सर्विलांस के जरिए एक-एक मोबाइल की तलाश कर उन्हें सुरक्षित बरामद किया। इस अभियान में पुलिस की त्वरित कार्रवाई और तकनीकी दक्षता अहम साबित हुई। कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक दिलीप सोनी ने कहा कि "ऑपरेशन रिंग टोन केवल खोए हुए मोबाइल वापस कराने का प्रयास नहीं, बल्कि नागरिक-केंद्रित पुलिसिंग का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। मोबाइल एक साधारण डिवाइस नहीं, बल्कि लोगों की व्यक्तिगत, सामाजिक और व्यावसायिक सूचनाओं का आधार होता है। इन्हें वापस कर पुलिस न सिर्फ संपत्ति लौटा रही है बल्कि जनता का विश्वास और सुरक्षा की भावना भी मजबूत कर रही है।" उन्होंने बताया कि यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा और जितने भी गुम मोबाइलों की जानकारी पुलिस को प्राप्त होगी, उनकी खोज प्राथमिकता पर की जाएगी।एसडीओपी सचि पाठक ने भी अभियान की सफलता की सराहना की और पुलिस टीम को बधाई देते हुए कहा कि आधुनिक तकनीक का उपयोग कर पुलिस अब और अधिक प्रभावी ढंग से ऐसे मामलों को सुलझा रही है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि मोबाइल खोने या चोरी होने की स्थिति में बिना विलंब पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराएं और CEIR पोर्टल पर भी इसकी सूचना दें, जिससे मोबाइल को जल्द ट्रैक करने में मदद मिल सके। मऊगंज पुलिस ने नागरिकों को आश्वस्त किया है कि "ऑपरेशन रिंग टोन" के माध्यम से भविष्य में भी गुमशुदा मोबाइलों की खोज लगातार जारी रहेगी और जनता के हित में हर संभव प्रयास किए जाते रहेंगे। इस अभियान ने न सिर्फ 37 लोगों के मोबाइल वापस कराए, बल्कि उनके चेहरों पर मुस्कान भी लौटा दी।

# पुलिस अधीक्षक ने फरार आरोपियों पर 5-5 हजार का ईनाम किया घोषित

मऊगंज



पुलिस अधीक्षक दिलीप कुमार सोनी तीन अलग-अलग घटनाओं में फरार आरोपियों को बंदी बनाने अथवा बंदी बनाने के संबंध में महत्वपूर्ण सूचना देने वाले व्यक्ति को ईनाम की घोषणा की है। फरार प्रत्येक आरोपी को बंदी बनाने पर प्रत्येक प्रकरण में 5 हजार रुपए का ईनाम देने की घोषणा की गई है। ईनाम की घोषणा पुलिस रेग्युलेशन एक्टक के तहत की गई है। ईनाम के संबंध में पुलिस अधीक्षक निर्णय अंतिम रूप से मान्य होगा। जारी आदेश के अनुसार थाना मऊगंज में दर्ज प्रकरण में फरार आरोपी सुनील उर्फ बक्के तिवारी पिता अरूण तिवारी आयु 35 वर्ष निवासी घुरेहटा तथा आरोपी विमलेश पाल पिता रामजी पाल आयु 22 वर्ष निवासी ग्राम सलैया की गिरफ्तारी पर 5-5 हजार रुपए का ईनाम घोषित किया गया है। आरोपी संतोष पटेल उर्फ पप्पू पिता भैयालाल पटेल निवासी ग्राम पटेहरा की गिरफ्तारी पर भी 5 हजार रुपए ईनाम की घोषणा की गई है। तीनों आरोपी घटना दिनांक से ही लगातार फरार हैं।